रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-11022022-233327
CG-DL-E-11022022-233327

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 597] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 11, 2022/माघ 22, 1943
No. 597] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 11, 2022/MAGHA 22, 1943

IndiaCode

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

(केन्द्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो)

(कोफेपोसा स्कंध)

आदेश

नई दिल्ली, 11 फ़रवरी, 2022

का.आ. 616(अ).—जबकि, विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि निवारण अधिनियम, 1974(1974 का 52) की धारा 3 की उप-धारा (1) के तहत विशेष रूप से अधिकार प्राप्त संयुक्त सचिव, भारत सरकार द्वारा उक्त उप-धारा के तहत दिनांक 24.08.2021 को जारी आदेश सं.पीडी-12001/15/2021- कोफेपोसा में यह निदेश दिया गया था कि श्री अब्दुल रऊफ सुपुत्र श्री सुलेमान एस.एम., निवासी सैथकुडियिल, नेल्लिकुझी, कोतमंगलम, एर्नाकुलम- 686691 को हिरासत में लिया जाए और पूजाप्पुरा सेंट्रल जेल, पूजाप्पुरा, तिरुवनंतपुरम- 695012 में रखा जाए ताकि भविष्य में उन्हें माल की तस्करी करने, माल की तस्करी को बढावा देने और तस्करी के माल का परिवहन करने या छिपाने या रखने से रोका जा सके।

2. जबकि केन्द्र सरकार के पास यह विश्वास करने के कारण हैं कि पूर्वोक्त व्यक्ति भगोड़ा है या अपने आप को छिपाए हुए है ताकि आदेश का पालन न किया जा सके।

3. अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (1) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतद्द्वारा पूर्वोक्त व्यक्ति को निदेश देती है कि सरकारी राजपत्र में इस आदेश के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के अंदर वह पुलिस महानिदेशक व राज्य पुलिस प्रमुख, केरल सरकार, तिरुवनंतपुरम के सामने उपस्थित हो।

[फा. सं. पीडी-12001/15/2021-कोफेपोसा]

रवि प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

(CENTRAL ECONOMIC INTELLIGENCE BUREAU)

(COFEPOSA WING)

ORDER

New Delhi, the 11th February, 2022

S.O. 616(E).—Whereas the Joint Secretary to the Government of India, specially empowered under sub-section (1) of Section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974) issued Order No. PD-12001/15/2021-COFEPOSA dated 24.8.2021 under the said sub-section directing that Mr. Abdul Raoof, S/o Mr. Sulaiman S.M., R/o Saithkudiyil, Nellikuzhy, Kothamangalam, Ernakulam-686691 be detained and kept in Poojappura Central Jail, Poojappura, Thiruvananthapuram-695012 with a view to prevent him from smuggling of goods, abetting the smuggling of goods and engaging in transporting or concealing or keeping smuggled goods in future.

2. Whereas the Central Government has reasons to believe that the aforesaid person has absconded or has been concealing himself so that the Order cannot be executed.

3. Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of Section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Director General of Police & State Police Chief, Government of Kerala, Thiruvananthapuram within 7 days of the publication of this Order in the Official Gazette.

[F. No. PD-12001/15/2021-COFEPOSA]

RAVI PRATAP SINGH, Jt. Secy.

IndiaCode

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2022.02.11 22:34:29 +05'30'